# आदर्श आचार संहिता के दायरे में हो चुनाव : जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा

## पोलिंग एजेंट के द्वारा दुर्व्यवहार की दशा में तत्काल एफआईआर दर्ज की जा सकती है

तेजयुग न्यूज़/अनुज चौधरी

**हापुड़ :** जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न करने के उद्देश्य से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कलेक्ट्रेट सभागार में आदर्श आचार संहिता से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन के लिए पोलिंग एजेंट कोई भी बन सकता है।



संबंधित व्यक्ति के पास एपिक कार्ड बना हुआ होना चाहिए इसके अलावा ऐसा व्यक्ति जो वर्तमान में मंत्री, मेयर, सरकारी सेवक, राशन डीलर, आंगनबाड़ी आदि के पोलिंग एजेंट बनने पर रोक है। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार के दौरान जुलूस, झंडा, विज्ञापन, पंपलेट तथा अन्य का प्रकाशन अनुमति के बाद ही छापेंगे। उन्होने बताया की प्रशासन द्वारा जो चुनावी खर्चे की लिस्ट उपलब्ध कराई गई है उसी के अनुसार आपके व्यय मे जोड़ा जाएगा। इसके अलावा मतदान केंद्रो पर जो पोलिंग एजेंट लगाए जाएं उनको आदर्श आचार संहिता के बारे में विस्तार से अवगत करा दिया जाए साथ ही उन्हें बताया जाये की पोलिंग एजेंट के द्वारा दुर्व्यवहार की दशा में तत्काल एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

जिलाधिकारी ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए बताया कि चुनाव सम्बंधी सभी प्रकार के आवेदन पत्र सुविधा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे तथा उसी के अनुसार अनुमति दी जाएगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी राजनीतिक दलों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक गाइडलाइन निर्धारित की गई है अतः सभी लोग उसी के अनुसार चुनाव करायें इसके अलावा राजनीतिक दल का कोई भी व्यक्ति किसी के व्यक्तिगत जीवन या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले वक्तव्य नहीं देंगे साथ ही काउंटिंग के दौरान अनाधिकृत व्यक्ति का अंदर जाना बिलकुल ही निरुद्ध है। उन्होने बताया की मतदान केंद्र के अंदर सुरक्षा प्राप्त कर्मी भी बिना सुरक्षा के ही मतदान करेंगे उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि कोई भी बिना अनुमति के रैली आदि न करें इसके अलावा यदि गाड़ियों में किसी प्रकार का सायरन या बत्ती लगवाए हो तो उसको अपने स्तर से उतरवा ले अन्यथा पुलिस प्रशासन के द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए उतराया जाएगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जो हैंडबुक आप लोग को प्राप्त है उसे पढ़ लें तथा उसी के अनुसार अपने चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करायें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने एनआईसी में जाकर के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया को राजनीतिक दलों को दिखाया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, उप जिलाधिकारी, राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चैकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ एक शातिर बदमाश को घायल, किया गिरफ्तार



**हापुड़/अनुज चौधरी :** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाद पुलिस मुठभेड़ एक शातिर बदमाश को घायलावस्था में किया गिरफ्तार। जिसके कब्जे से चोरी की घटना से संबंधित 40,000 रुपये नकदी, अवैध असलहा मय जिन्दा व खोखा कारतूस एवं एक स्पलेंडर मोटर साइकिल बरामद। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार/घायल बदमाश ने अपना नाम फैजान पुत्र महमूद सिद्दकी निवासी नई कॉलोनी मजीद नगर थाना लिसाड़ीगेट जनपद मेरठ बताया है। गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म का चोर/अपराधी हैं जो जनपद मेरठ के थाना सदर बाजार से गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था तथा जिसके द्वारा 02 दिन पूर्व थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रांतर्गत हुई चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद मेरठ व मुजफ्फरनगर हापुड़ आदि जनपदों में चोरी आदि अपराधों के करीब एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। विस्तृत प्रेसनोट शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### फरीदा बाँगर गांव में तीन वर्षो से पड़ा सरकारी नल खराब, ग्रामीणों में रोष



**ऊंचागांव/मुकेश कुमार :** विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के फरीदा बाँगर गांव में करीब तीन वर्षो से सरकारी हेड पंप खराब है। पानी के लिए लोगों को इधर-उधर की भागदौड़ करनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत के समय में लगे हैंडपंप को ठीक न कराए जाने से ग्रामीणों में संबंधित विभाग के प्रति रोष गहराता जा रहा है। गांव निवासी बबलू सिंह, जगदीश सिंह, जितेंद्र कुमार, बिनोद कुमार, ब्रिजेश सिंह, राहुल कुमार, मूलचंद सिंह, दुलीचंद सिंह, डा. सतेंद्र, देवेंद्र सिंह, प्रभुदयाल,कालीचरण, नारायण सिंह, प्रेमपाल, सुरेश सिंह, संजय, विजय सिंह, योगेश कुमार किसानों ने बताया कि 3 वर्षो से सरकारी हेड पंप खराब है। जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से कई बार कर चुके हैं। अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसकी वजह से लोगों की प्यास नहीं बुझ पा रही है। लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हेड पंप को दुरुस्त कराने के लिए कई बार प्रधानी के समय में ग्राम प्रधान से की है। लेकिन मरम्मत करवाने का आश्वासन देकर टरका देते हैं। लेकिन ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारी समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं ग्राम प्रधान चंद्रप्रकाश का कहना है कि ग्रामीणों द्वारा खराब पड़े सरकारी हेड पंप की शिकायत नहीं मिली है। आपके द्वारा खराब पड़े सरकारी हेड पंप की समस्या मिली है। जल्दी इसकी मरम्मत कर दी जाएगी।

### अपराधों पर अंकुश : 150 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**बुलंदशहर/राजेंद्र सिंह :** जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 19/20-03-2024 की रात्रि में थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा अभिसूचना के आधार पर 01 अभियुक्त को विचौली बम्बे के पास 50 पेटी अवैध शराब व युनीवर्सिटी के पीछे एक आम के बाग से दो अभियुक्तों को 100 पेटी अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अनूपशहर पर मुअसं-103/24 व 104/24 धारा 60/63 आबकारी अधि. पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता अशोक पुत्र कुंवर पाल निवासी ग्राम करनपुर नगला थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर का है वकील पुत्र रहमत उर्फ अहमद निवासी ग्राम शेरपुर थाना अनूपशहर व राजा पुत्र महेन्द्र निवासी मोहल्ला मदार गेट थाना अनूपशहर का निवासी है और 1500 लीटर (150 पेटी) अवैध अंग्रेजी शराब (हरियाणा मार्का) (कीमत लगभग 06 लाख रुपये) बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उनके द्वारा यह शराब हरियाणा से लायी गयी थी जिसे उनके द्वारा अधिक कीमत पर बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सके।

### शादी समारोह में आभूषण और नकदी से भरा पर्स हुआ चोरी, घटना सीसीटीव में कैद

**बुलंदशहर/राजेंद्र सिंह :** शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के सिंह साहब मैरिज होम में 5 मार्च को अपने ताऊ की बेटी की शादी में शामिल होने आई दो महिलाओं के पर्स में रखे 33000 हज़ार रूपये व सोने का आभूषण सहित पर्स चोरी कर लिए ।जिसका यह घटना मैरिज होम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि निशांत त्यागी पुत्र प्रवीण त्यागी निवासी ग्राम भटोला के ताऊ की बेटी की शादी में शामिल होने आई ममेरी बहन वह पत्नी के पर्स चोरी कर लिए गए। निशांत त्यागी के प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि सीसीटीवी कैमरे की खोजबीन की गई तो प्रमोद उर्फ कटरा पुत्र चंद्रपाल निवासी मोहल्ला अंबेडकर नगर के रूप में पहचान हुई है। तथा चोरी करने वाले व्यक्ति के साथ बबल पुत्र लज्जाराम, रोहित पुत्र सतीश उपरोक्त निवासी गण थे तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही की जा रही है।

# वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 138 वे बलिदान दिवस पर यज्ञ व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



तेजयुग न्यूज़/राजेंद्र सिंह

**डिबाई.(बुलंदशहर) :** लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज एसोसिएशन (लक्ष्य) डिबाई-नरोरा द्वारा भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम की प्रणेता व प्रथम बलिदानी वीरांगना और रामगढ़ की रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस अवसर पर भीमपुर दोराहा स्थित अवंतीबाई की विशाल प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तदोपरांत लक्ष्य कार्यालय गोमतीधाम डिबाई में वैदिक यज्ञ और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

अंग्रेजी शासन की दमनकारी राज्य हड़पने की नीति का विरोध करते हुये मध्यप्रदेश की रामगढ़ रियासत की महारानी अवंतीबाई 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़ीं और 20 मई 1858 को अंग्रेजों से युद्ध करते हुये वीरगति को प्राप्त हुईं। उस समय रानी की आयु मात्र 26 वर्ष थी। इस प्रकार वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम बलिदानी महिला के नाम से इतिहास में अमर हो गईं। लक्ष्य समिति के अध्यक्ष इं. सोमवीर सिंह लोधी, सचिव राजकुमार लोधी, कोषाध्यक्ष हुकम सिंह लोधी के साथ समिति के अन्य सदस्य और क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक अवंतीबाई चौक भीमपुर पर एकत्रित हुये और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद प्रमोद गुप्ता आर्य के पांडित्य में लक्ष्य कार्यालय पर यज्ञोपरांत एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता स्वामी अमृतानंद सरस्वती ने की और मुख्य अतिथि का दायित्व निर्वहन जिला आर्य समाज अध्यक्ष गंगा प्रसाद निराला ने किया।

श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख वक्ताओं के रूप में समिति के संरक्षक पी पी सिंह, उपाध्यक्ष हरिओम वर्मा, हरवीर सिंह मथुरिया, होडल सिंह आर्य व कृष्ण राष्ट्रवादी अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त सभा में महेंद्र सिंह लोधी, नारंगी लाल राजेंद्र कुमार, महिपाल सिंह, तेज सिंह आर्य डोरी लाल, ज्ञान प्रकाश लोधी कन्हैया लाल रोहित लोधी भूदेव सिंह वर्मा अनिल कुमार सिंह और सूरज पाल सिंह सहित नगर के अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट तीस लोगों पर हुआ मुकदमा दर्ज

तेजयुग न्यूज़/राजेंद्र सिंह

**बुलंदशहर:** शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सूरजपुर निफ्सी में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जानकारी के अनुसार सुरजपुर निफ्सी और नगला मेवाती के बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसको लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस की मदद से किसी तरह हस्तक्षेप करके मामला शांत कराया।



शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गाँव सुरजपुर निफ्सी में मंगलकर शाम जंगल से घर आ रहे बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। झगड़े में मयंक घायल हो गया। पुलिस ने 10 नामदर्ज करते हुए 20 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मयंक पुत्र सोनू सिंह अपने जंगल से घर आ रहा था बच्चों के पुराने विवाद को लेकर पड़ोसी गांव के साबिर खान के पुत्र शानू और आमिर ने मयंक को बेरहमी से पीटा,मौके पर पहुंचे कुछ व्यक्तियों ने समझा बुझाकर मयंक को घर भेज दिया। घर पहुंचकर मयंक ने अपने पिता सोनू को आप बीती बताई। सोनू अपने पुत्र की बात सुनकर पड़ोसी गांव नगला मेवाती कोतवाली शिकारपुर पहुंचा और अपने पुत्र की पिटाई की शिकायत गांव वालों से की।

शिकायत करके सोनू अपने घर पर पहुंचा ही था। पीछे से आमिर, शानू, शाहरुख, अकरम, सिराजुद्दीन उर्फ पप्पू,गुड्डू, मुबारिक, शराफत व शराफत के दो भाई और करीब 18 से 20 अज्ञात व्यक्तियों ने सोनू के घर पर धावा बोल दिया जिसमें सोनू पुत्र डिप्टी सिंह, अवधेश पुत्र रिंकू सिंह, मयंक पुत्र सोनू सिंह घायल हो गए और गांव वालों को आता देख मौका पाकर सभी लोग मौके से फरार हो गए बताया गया कि सज्जन पुत्र रामवीर सिंह ने स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया है लेकिन सीओ शोभित कुमार ने बताया कि सभी व्यक्ति फरार हैं जल्द ही स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिये जाऐंगे।

### लोकसभा चुनाव व होली पर्व को लेकर गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस पुरी तरह अलर्ट

**हापुड़ :** आगामी लोकसभा चुनाव और त्यौहारों के मद्देनजर गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार पांडेय व ब्रजघाट चोकी प्रभारी इंद्रकांत यादव पुरी तरह अलर्ट मोड़ पर दिखाई दिए,गांव में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ निकाला पैदल फ्लैग मार्च आगामी लोकसभा चुनाव ओर होली पर्व के त्यौहार होने एवं कानून व शांति,सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लाबक्शपुर में गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार पांडे व ब्रजघाट चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव ने मय पुलिस टीम व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से गांव में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही क्षेत्र की जनता से अपील की है कि आगामी आने वाले सभी त्योहारों को आपस में शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ सभी मिलजुल कर मनाएं। कानून व्यवस्था को सभी लोग कायम रखते हुए कोई भी मर्यादाओं का उल्लंघन न करें, गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार पांडेय।

## गोवर्धन के गिरिराज मुकुट मुखारविंद मंदिर में मारपीट की घटनाओं से हो रही आस्था धूमिल

अशफाक चौधरी

**मथुरा।** गोवर्धन का प्रमुख गिरिराज मुकुट मुखारविंद मंदिर चढ़ावे की धन राशि के गबन और मारपीट की घटनाओं से सुर्खियों में बना रहता है इन घटनाओं से भक्तों की आस्था धूमिल हो रही है। मंदिर रिसीवर पर स्थानीय लोगों ने व्यवस्थाएं संभालने में नाकाम साबित होने के आरोप लगाए है। गौरतलब है कि गोवर्धन के प्रमुख गिरिराज मुकुट मुखारविंद मंदिर की व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए सिविल न्यायालय ने रिसीवर बतौर कपिल चतुर्वेदी एवं मैनेजमेंट में चंद्रविनोद कौशिक को रखा है।

जिन्हे मंदिर कोस से वेतन दिया जाता है लेकिन उक्त जिम्मेदार मंदिर की व्यवस्थाएं संभालने में नाकाम साबित हो रहे हैं। चूंकि मंदिर रिसीवर वेतन प्रत्येक माह लेते हैं और देखरेख के लिए कभी जभी मंदिर में आते हैं। मंदिर के हालात इस कदर खराब हैं कि दर्शनार्थी भक्तों से मंदिर में जमकर बदसलूकी की जा रही है। ताजा मामला मंगलवार देर रात का हैं। यहां कोटा के श्रद्धालुओं का एक दल गिरिराज दर्शन एवं छप्पन भोग आयोजन के लिए मंदिर पहुंचा। जानकारी के मुताबिक आयोजन समिति के भक्तों ने मंदिर में भेंट राशि सेवायत को दी इस पर समिति के स्थानीय पंडा ने विरोध किया। सेवायत और पंडा में कहा सुनी हो गई। इसके बाद आरोप है कि पंडा ने कुछ अराजक तत्वों को मंदिर में बुला लिया और मंदिर की गद्दी पर बैठे सेवायत मनोज शर्मा को खींच कर अभद्रता कर दी।

घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी वीडियो में तीन से चार व्यक्ति मंदिर सेवायत से खींचतान धक्का मुक्की करते दिखाई दे रहे हैं। सेवायत ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थानाध्यक्ष विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि मंदिर में भेंट चढ़ावा को लेकर विवाद हुआ है। मंदिर में सीसीटीवी फुटेज निकाले जा रहे हैं, सच्चाई जानने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# लोक कलाकारों ने संस्कृति मंच से रचा विश्व कीर्तिमान

## तुलसी उद्यान पार्क में शौर्य पर्व बना साक्षी, विश्व कीर्तिमान का भारतीय लोक परंपरा ने बनाया विश्व कीर्तिमान

तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित शौर्य पर्व में 11 प्रदेशों से आए 250 लोक कलाकारों ने आपने पारंपरिक लोक नृत्यों, शस्त्रों, योग या युद्ध कौशल का समन्वय का प्रदर्शन एक ही मंच पर कर के विश्व कीर्तिमान बना दिया। रघुवंशी राम की धरा पर इस विश्व कीर्तिमान का आकलन करने और कीर्तिमानों के समस्त मानको की पूर्णता की जांच करने के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बुक आ इंडिया की चीफ एडिटर सुषमा नार्वेकर अपनी टीम के साथ उपस्थित थीं। विश्व कीर्तिमान के समस्त मानको की पूर्णता से सन्तुष्ट होने पर लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक को अतुल द्विवेदी को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किया गया।



इस दौरान अतुल द्विवेदी ने भावुक होते हुए कहा भगवान राम ने धर्म की रक्षा हेतु समाज के हर वर्ग के लोगो से सहयोग लेकर उन्हें पहचान दिलाई उसी प्रेरणा का परिणाम है कि सोशल मीडिया और मीडिया के बगैर बिना किसी चर्चा के जो लोक कलाकार अपनी संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करके ने वाले पीढ़ियों तक पहुंचाने में लगे है। ये सम्मान उन सभी का है। तीन दिवसीय 18,19 व 20 मार्च को आयोजित शौर्य पर्व में अपनी संस्कृति और पहचान को बचाए रखने के लिए शस्त्र विद्या को अंगीकार कर रखने की लोक विधाओ का प्रदर्शन तुलसी उद्यान में आयोजित किया गया है। जिसमे केरल से लेकर मणिपुर, गुजरात से लेकर पश्चिम बंगाल, तेलंगाना से लेकर झारखंड तक यानी पूरे भारतवर्ष से कलाकारो ने आकर अपनी समृद्ध विरासत को लोक के माध्यम से दिखाया। कलाकारो के प्रदर्शन देखकर खचाखच भरे पांडाल में लोग हतप्रभ थे। किशोरियों और महिलाओ द्वारा प्रस्तुत गुजरात के तलवार रास और महाराष्ट्र के मर्दानी खेल पर पूरे पांडाल में तालियां गूंज रही थी। पंजाब का गतका गुरु गोविंद सिंह की युद्ध शैली का स्मरण दिला रहा था। केरल का कलरिपट्टू अपने अद्भुत संतुलन और कौशल से जमीनी युद्ध शैली का प्रतिनिधित्व कर रहा था। ओडिसा के कलाकारो का पिरामिड बनाकर शंख वादन जहां सभी को रोमांचित कर रहा था वहीं उत्तर प्रदेश का मल्लखंब शारीरिक दक्षता और कुशलता से सभी को विस्मित कर रहा था।

भारतीय लोक कलाओं का एक साथ इतने कलाकारो द्वारा उनकी कला के मूल में उपस्थित पक्ष, शस्त्र चालन, युद्ध शैली, व्यक्तिगत सुरक्षा इत्यादि की प्रस्तुति इसके पूर्व कहीं दर्ज नही है। कलाकारो का प्रदर्शन उनके उत्साह को दर्शा रहा था तो उपस्थित जन समूह अपने तालियों से इन कलाकारो का समर्थन कर रहा था। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए प्रो.ओम प्रकाश भारती, डा देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी सचिव केंद्रीय ललित कला अकादमी, सुधीर श्रीवास्तव, रामायण कॉन्क्लेव के समन्वयक आशुतोष द्विवेदी, अवधेश अवस्थी, राजेश शर्मा, अमित श्रीवास्तव, पुनः प्रकाश श्रीवास्तव, आरती गुप्ता, पूजा, सुमित, लुवकुश, दीपा रघुवंशी, रामजी, प्रमोद, शैलेन्द्र, सुरेंदर शर्मा, हिमांशु, वैभव विशाल समेत भारी संख्या में जन समूह उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत ने किया पंचायत का आयोजन

## किसानों की समस्या के निस्तारण के लिए एसडीओ जमुनापार ने जेई को दिए सख्त निर्देश: सचिन द्विवेदी उपखंड अधिकारी जमुनापार

अशफाक चौधरी

**मथुरा।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर के भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने तहसील महावन प्रांगण में एक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्या जैसे आवारा गौवंश, श्मशान घाट पर अतिक्रमण, विद्युत समस्या, किसानों को विधुत आपूर्ति न होना आदि को लेकर के विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। किसान व किसानी पर सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार व प्रवक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि तहसील महावन में काफी अनियमितताएं हैं।

किसान तहसील महावन में आए दिन चक्कर पर चक्कर काट रहा है लेकिन उनकी समस्याओं का निस्तारण करने की जिम्मेदारी कोई भी अधिकारी नहीं लेता है। तहसील महावन में कार्यरत लेखपाल किसानों की आम समस्या जैसे कि खसरा खतौनी, दाखिल खारिज करना एवं अन्य प्रमाण पत्र जारी करने में मनमानी करते है जिसके चलते किसानों को नियमित रूप से तहसील महावन आना पड़ता है जिसके चलते किसान भ्रष्टाचार का शिकार हो जाता है। वहीं जिला अध्यक्ष मथुरा चौधरी धर्मवीर सिंह व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मथुरा राजवीर नेताजी ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्युत विभाग भी किसानों के साथ खिलवाड़ करने से पीछे नहीं हटा।



इब्राहिमपुर मनोहरपुर आदि गांव के किसानों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके चलते किसानों की फसल सूख रही है इस समस्या को सुनकर उपखंड अधिकारी जमुना पार सचिन द्विवेदी ने जेई गोकुल को सक्त लहजे में निर्देशित करते हुए दो दिन का अल्टीमेट दिया कि किसानों की समस्या का दो दिन के अंदर निस्तारण हो जाना चाहिए । इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता ततीराम यादव व संचालन गणेश तोमर ने किया। बैठक में उप जिलाधिकारी महावन, नायब तहसीलदार महावन उपखंड अधिकारी जमुना पार उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी महावन नायब तहसीलदार महावन ने किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रमुख महासचिव आगरा मंडल जगदीश परिहार, प्रचार मंत्री आगरा मंडल गिरिराज परिहार ,मंडल महासचिव राकेश प्रधान ,जिला उपाध्यक्ष योगेश अस्थान ,तहसील अध्यक्ष रामगोपाल तोमर ,तहसील प्रचार मंत्री रणछोड़ ,ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव नीरेश कोयन,ब्लाक महासचिव पिंटू परिहार, अनुशासन समिति से अर्जुन सिंह प्रधान ओमप्रकाश प्रधान, वरिष्ठ कार्यकर्ता हाकिम सिंह तोमर ग्राम अध्यक्ष बिदालाल ,श्री कृष्णा शुक्ला ,राजन सिंह यादव, हरीश कुमार मनोज कुमार, बबलू, जिला प्रचार मंत्रीहरिओम यादव, गोपीचंद यादव श्रीपाल तहसील संगठन मंत्री पंडित सत्य प्रकाश, वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश छोंकर सहित बड़ी संख्या बल में किसान सरदारी उपस्थिति रही।